वी.यू. द्वारा फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंगीकृत ग्रामः पड़रिया में पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन।

जबलपुर। आज दिनांक 16 जुलाई 2021 को ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के उद्धेश्यों के अनुरूप पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी की अभिप्रेरणा से फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत अंगीकृत ग्राम पड़रिया में आयोजित हुआ। जिसमें पशुओं में घाव, थनैला रोग, लगड़ापन, गर्भ परीक्षण, मादा पशुओं का गर्मी में न आना तथा भूख की कमी आदि पशु रोगों का निदान करते हुये, इस शिविर में – 38 गाय, भैंस बकरी – 13 का स्वास्थ्य परीक्षण कुल–51 पशुओं को उपचारित किया गया। इस अवसर पर पशुओं के स्वास्थ्य व दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु खनिज लवण का निःशुल्क वितरण किया गया, साथ ही पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार पोषण एवं पशु रोगों की रोकथाम संबंधी साहित्य सामग्रियों का भी वितरण किया गया। इस पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर में डॉ. यामिनी वर्मा, डॉ. नितिन बजाज, डॉ. पूनम शाक्या, डॉ. हरि. आर, एवं श्री विजय चौकसे व श्री आशीष यादव, क्षेत्र सहायक एवं पशुपालकों की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि. जबलपुर, (म.प्र.)